दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 310 मुरादाबाद 10 March 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## भारत सरकार ने बांग्लादेश के 9 नागरिकों को भी किया रेस्क्यू, पीएम शेख हसीना बोलीं- थैंक्यू मोदी जी



यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को रेस्क्यू करने के लिए आपरेशन गंगा चलाया जा रहा है। आपरेशन गंगा के तहत अब तक हजारों भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाया गया है। खास बात है कि भारत सरकार ने अपने इस आपरेशन के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल के अलावा अन्य कई देशों के नागरिकों को भी रेस्क्यू किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, आपरेशन गंगा के तहत हाल ही में बांग्लादेश के 9 नागरिकों को यूक्रेन से रेस्क्यू किया गया है। बांग्लादेश के नागरिकों को रेस्क्यू किये जाने पर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पीएम मोदी को धन्यवाद कहा है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने पीएम मोदी का शुक्रिया अदा किया है।

### पाकिस्तान की छात्रा को भी किया रेस्क्यू

इससे पहले, आपरेशन गंगा के तहत यूक्रेन में फंसी पाकिस्तान की छात्रा आसमा शफीक को भी भारत सरकार ने रेस्क्यू किया है। आसमा शफीक ने भारत सरकार और पीएम मोदी की तारीफ की है। आसमा जल्द ही अपने परिवार से मुलाकात करने वाली हैं। आसमा ने कहा, %मैं कीव में भारतीय दूतावास को धन्यवाद करना चाहती हूं। भारतीय दूतावास ने कठिन स्थिति में भी हमारा सपोर्ट किया है। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी धन्यवाद देना चाहती हूं। उम्मीद है कि हम भारतीय दूतावास की वजह से सुरक्षित घर पहुंच जाऊंगी।%

### अब तक 18 हजार भारतीयों को लाया गया

विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूक्रेन से करीब 18 हजार भारतीय नागरिकों को स्पेशल फ्लाइट के जरिए भारत लाया जा चुका है। मंगलवार को दो विशेष विमानों के जरिए यूक्रेन के पड़ोसी देशों से 410 भारतीय नागरिकों को लाया गया है।

## उत्तर प्रदेश के कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला आज, इन हाट सीटों के रिजल्ट का सभी को इंतजार



भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए चुनाव में सात चरणों की लंबी मतदान प्रक्रिया सकुशल पूरी करा ली है। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण ही संपन्न हुआ। अब 10 मार्च को नतीजे आएंगे। इसके साथ कई दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला हो जाएगा। इस बार के चुनावी नतीजे दिलचस्प होंगे। चुनाव मैदान में खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। 18 साल बाद यह पहली बार होगा, जब यूपी में कोई मौजूदा मुख्यमंत्री चुनाव लड़ रहा है। इनके साथ ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की भी जीत-हार का फैसला होगा। इस बार हर चरण को मिला लें तो करीब 50 सीटें हाट हैं, यानि इन पर जनता की सबसे ज्यादा नजर है। आइये जानते हैं कि कौन-कौन सी खास ऐसी हाट सीटें हैं जिनके रिजल्ट का सभी को बेसब्री से इंतजार है।

**गोरखपुर शहरी-** सीएम योगी आदित्यनाथ- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर की शहरी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। सीएम योगी के खिलाफ आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद ने ताल ठोकी है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी ने सुभावती शुक्ला और बहुजन समाज पार्टी ने ख्वाजा शमसुद्दीन को मैदान में उतारा है। कांग्रेस की तरफ से डॉ. चेतना पांडेय को प्रत्याशी बनाया गया है। वर्ष 2017 के चुनाव में इस सीट से भारतीय जनता पार्टी के डा. राधा मोहन जीते थे।

**करहल -** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव = यूपी में मैनपुरी की करहल सीट पर भी पूरे देश की नजर है। इस सीट पर एक तरफ समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे अखिलेश यादव हैं, तो दूसरी तरफ उनके शिष्य और भाजपा नेता एसपी सिंह बघेल हैं। यानी कि मुलायम के बेटे और शिष्य आमने-सामने हैं। यादव बहुल होने के चलते करहल सीट को सपा का गढ़ माना जाता है।

**सिराथू -** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य = कौशांबी जिले की सिराथू विधानसभा सीट को भी हाट सीट माना जा रहा है। इस सीट पर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और अनुप्रिया पटेल की बहन पल्लवी के बीच मुकाबला है। पल्लवी को सपा गठबंधन ने उतारा है।

**बांसडीह -** रामगोविंद चौधरी - बलिया की बांसडीह सीट से समाजवादी पार्टी नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं। राम गोविंद के खिलाफ भाजपा ने केतकी सिंह, बसपा ने मान्ती राजभर और कांग्रेस ने पुनीत पाठक को अपना उम्मीदवार बनाया है। 2017 में भी इस सीट पर सपा के राम गोविंद चौधरी जीते थे।

फाजिल नगर - स्वामी प्रसाद मौर्य = योगी सरकार में मंत्री पद छोड़कर सपा का दामन थामने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य इस बार सपा के टिकट पर फाजिल नगर से चुनाव लड़ रहे हैं। स्वामी प्रसाद के खिलाफ भाजपा ने सुरेंद्र कुशवाहा, बसपा ने ईलियास और कांग्रेस ने सुनील मनोज सिंह को मैदान में उतारा है। पिछली बार इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी गंगा सिंह कुशवाहा जीते थे।

**कुंडा -** रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया = कुंडा विधानसभा सीट भी ऐसी ही सीट है, जिस पर सबकी नजर है। इस सीट पर 1993 से ही रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का कब्जा है। इस बार उनके सामने समाजवादी पार्टी ने कभी उनके ही करीबी रहे गुलशन यादव को टिकट दिया है।

**इन हाट सीटों पर सभी की नजर-** योगी आदित्यनाथ गोरखपुर शहर भाजपा, संदीप कुमार सिंह अतरौली भाजपा, स्वामी प्रसाद मौर्या फाजिलनगर सपा, सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा फाजिलनगर भाजपा, विजय मिश्रा ज्ञानपुर प्रमासपा, शिवपाल सिंह यादव जसवंतनगर सपा, अवतार सिंह भडाना जेवर राष्ट्रीय लोक दल, नाहिद हसन कैराना सपा, मृगांका सिंह कैराना भाजपा, अखिलेश यादव करहल सपा, प्रो. एसपी सिंह बघेल करहल भाजपा, रघुराज प्रताप सिंह कुंडा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक, सिंधुजा मिश्रा सेनानी कुंडा भाजपा, बृजेश पाठक लखनऊ कैंट भाजपा, सतीश महाना महाराजपुर भाजपा, धनंजय सिंह मल्हनी जद(यू), श्रीकांत शर्मा मथुरा भाजपा, अब्बास अंसारी मऊ सदर सुभासपा, डॉ. धर्म सिंह सैनी नकुड़ सपा, पंकज सिंह नोएडा भाजपा, अदिति सिंह रायबरेली भाजपा, मोहम्मद आज़म खान रामपुर सपा, संगीत सिंह सोम सरधाना भाजपा, केशव प्रसाद मौर्या सिराथू भाजपा, मोहम्मद अब्दुल्ला स्वार सपा, सुरेश कुमार थाना भवन भाजपा, ओम प्रकाश राजभर जहूराबाद सुभासपा।

## वाराणसी में EVM विवाद में बड़ी कार्रवाई, चुनाव आयोग के निर्देश पर नोडल अधिकारी एडीएम सस्पेंड

वाराणसी में प्रशिक्षण के लिए जा रही ईवीएम को लेकर हुए विवाद के मामले में चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई की है। वाराणसी में ईवीएम के रखरखाव और ट्रांसपोर्टेशन के लिए जिम्मेदार एडीएम एनके सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। मंगलवार को ईवीएम लदी पिकअप समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पकड़ने के बाद बवाल किया था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी सरकार और चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाए थे। मामले का वीडियो




सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद निर्वाचन आयोग ने जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी थी। इसी रिपोर्ट को चुनाव आयोग भेजा गया था। वहां से मिले निर्देश के बाद एनके सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने माना है कि ईवीएम के ट्रांसपोर्टेशन में गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया है। इससे पहले जिला प्रशासन ने भी एनके सिंह को ईवीएम के नोडल अफसर के पद से हटाते हुए उन्हें निर्वाचन के कार्यों से अलग कर दिया है। शुरू हुआ प्रदर्शन। बवाल पहड़िया से पीलीकोठी तक पहुंच गया था। वहां भी प्रदर्शन हुआ था। प्रशासन ने स्थिति को संभाल लिया और भोर में करीब तीन बजे पिकअप पर लदी सभी ईवीएम को प्रत्याशियों के सामने ही खोल-खोल कर दिखाया। इसके बाद सभी प्रत्य़ाशी संतुष्ट हुए और प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

# बच्चे की दवा कराने जा रही महिला को बेरहमी से पीटा

प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना श्रावस्ती आसमा खातून पत्नी मोहम्मद उस्मान उर्फ शमीम निवासी ग्राम जान मोहम्मद पुरवा दाखिला बिशनपुर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती ने थाना इकौना पर प्रार्थना पत्र देकर अपने पति के विरुद्ध जान से मारने के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है दिये गये प्रार्थना पत्र में आसमा खातून ने लिखा है कि वह सुबह 10ः00 बजे अपनी बहन अमरीन के साथ लड़के के दवा इलाज करवाने वीरपुर चौराहे के लिए जा रही थी तभी रास्ते में गाडा



बंदी करके बैठे विपक्षी मोहम्मद उस्मान उर्फ शमीम ने उसे तथा उसकी बहन तथा बच्चे को बेरहमी से मारा पीटा जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं चीख-पुकार सुनकर गांव के तमाम लोग पहुंचे तब उसकी जान बचाई जिसमें उसने कार्यवाही की मांग की है

# रुक्मणि विवाह का मंचन देख भाव विभोर हुए श्रोता गण



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

तिंदवारी ( बांदा ) -कस्बे के रामनगर में विगत वर्ष की भांति आयोजित श्री विष्णु महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के उपलक्ष में रात्रि में आयोजित श्री कृष्ण लीला में मंगलवार को उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी विवाह की लीला का मंचन किया गया। जहां भगवान के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान को फूल माला पहना कर उनकी आरती उतारी। मंगलवार रात्रि में आयोजित श्री कृष्ण लीला में श्री कृष्ण के पास रुक्मणी संदेश भेजती हैं। उनके घर वाले उनका विवाह कहीं और करना चाहते हैं। रुकमणी ने भगवान श्री कृष्ण से कहा कि मैं आप से ही विवाह करना चाहती हूं। क्योंकि विश्व में आप जैसा अन्य कोई पुरुष नहीं है। भगवान श्री कृष्ण के गुणों और उनकी सुंदराता पर मुग्ध होकर रुक्मणी ने मन ही मन विचार किया कि वह श्रीकृष्ण को छोड़कर किसी को भी पति के रूप में वरण नहीं करेंगी। उधर श्री कृष्ण भगवान को भी इसका पता लग चुका था कि रुकमणी परम रूपवती तो है ही इसके साथ-साथ परम सुलक्षणा भी है। भीष्मक का बड़ा पुत्र रुक्मी भगवान श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था। वह अपनी बहन रुक्मणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था। जब रुक्मणी ने माता गिरजा की पूजा करते हुए उनसे प्रार्थना की, हे मां तुम सारे जगत की मां हो इसलिए मेरी भी अभिलाषा पूर्ण करो। मैं श्री कृष्ण को छोड़कर किसी अन्य पुरुष से विवाह नहीं कर सकती। रुकमणी जब मंदिर से बाहर निकली तो उन्हें एक ब्राम्हण दिखाई दिया। देखकर वह बहुत प्रसन्न हुई। उन्हें यह समझने में बिल्कुल संशय नहीं रहा कि श्री कृष्ण भगवान ने ही उनके समर्पण को स्वीकार कर लिया है और श्री कृष्ण ने विद्युत तरंग की भांति पहुंचकर उनका हाथ थाम लिया और रथ में बैठा कर द्वारका ले जाकर उनके साथ विधिवत विवाह किया। भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी के विवाह होते ही दर्शक श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारकर उनका जय जय कार किया। उत्तर भारत के उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री कृष्ण लीला ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यवस्थापक रितेश गुप्ता तथा परिवार जन इस अवसर पर शिवदत्त द्विवेदी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, शिवसागर विश्वकर्मा, बबलू शुक्ला, पाटीदार, सुनील द्विवेदी, सुशील विश्वकर्मा,कृष्ण कुमार शुक्ला, रजनीश गुप्ता, सुमंत द्विवेदी, मोहनदास गिरी, इंद्रपाल गिरी, अंगद गोस्वामी, मोती लाल कुशवाहा, देवीदीन कुशवाहा, प्रमोद श्रीवास, राकेश चंद्र दुबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिले के पुलिस आधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशन में जुर्म जरायम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गिलौला थाना पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। मुखबिर की सूचना पर चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी के सामान बरामद हुए हैं। पकड़े गए चोरों के कब्जे से देशी तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ। सभी पर मुकदमा दर्ज कर जेल रवाना कर दिया गया है। एएसपी केशव चन्द गोस्वामी व सीओ इकौना महेंद्र पाल शर्मा के नेतृत्व मे थाना गिलौला पुलिस टीम ने चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। गिलौला थानाध्यक्ष विशुनदेव पांडेय ने टीम के साथ छोटू पुत्र चुन्ना निवासी टाण्डाबाग थाना दरगाह शरीफ, बाबू पुत्र सुल्तान, आशिक अली पुत्र साबिर अली व जाबिर अली पुत्र साबिर अली निवासी नूरुद्दीनचक थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच को गिलौला-बहराइच मार्ग पर दमावा बैरियर बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त बाबू व शाबिर के कब्जे एक-एक तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान चोरों ने विभिन्न चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया है। पकड़े गए चोरों के विरुद्ध गिलौला थाने में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार चोरों के कब्जे से पुलिस ने चार अदद अंगूठी, एक अदद हार, एक अदद मंगलसूत्र , एक अदद प्लेन बाली, दो जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी झाला, एक अदद मांग का टीका, दो अदद नथुनी, तीन अदद बिन्दिया, तीन अदद नाक की कील पीली धातु बरामद हुई है। इसके साथ ही एक जोड़ी पावजेब, नौ जोड़ी छोटी-बड़ी पायल, एक अदद छल्ला, हाथ पलानी एक जोड़ी तथा छोटे-बड़े जेवरात 250 ग्राम सफेद धातु के अलावा 2217 रूपए के साथ बीस अदद खानेदार स्टील थाली , एक अदद लोहे का चिमचा, स्टील के 20 गिलास, 12 चम्मच, छह स्टील प्लेट, 11 स्टील की कटोरी, एक अदद लोहे का तावा, दो अदद मोटर साइकिल बजाज अवेंजर बरामद हुई है।

# मतगणना आज प्रातः 08:00 बजे से मण्डी समिति बांदा में सम्पन्न होगी



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा-विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को होने चारों विधानसभा तिन्दवारी-232 विधानसभा, 235-बांदा सदर विधानसभा, 233-बबेरू विधानसभा तथा 234-नरैनी विधानसभा की मतगणना कल 10 मार्च, 2022 को प्रातः 08:00 बजे से मण्डी समिति बांदा में सम्पन्न होगी। मतगणना सम्बन्धित प्रशिक्षण जनपद के पं0जे0एन0पी0जी0 कॉलेज बांदा में मतगणना पर्यवेक्षकों, सहायकों एवं माइक्रोआबजर्वरों का द्वितीय प्रशिक्षण मा0 पर्यवेक्षक गणों 235-बांदा विधान सभा के प्रेक्षक श्री हर्षदीप श्रीराम काम्बले, तिन्दवारी-232 विधान सभा के प्रेक्षक श्री संजीव कुमार, 233-बबेरू विधान सभा के प्रेक्षक श्री अशोक कुमार, 234-नरैनी विधान सभा के प्रेक्षक श्रीमती विनीता एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्मिक प्रभारी/ मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एम0पी0सिंह, कार्मिक टीम प्रभारी संजीव सिंह बघेल, समस्त विधानसभाओं के ए0आर0ओ0 एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण पी0पी0टी0 के माध्यम से विस्तृत रूप से चरणबद्ध प्रक्रिया के अनुसार सम्पादित कराया गया। पूंछे गये प्रश्नों का जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा संकाओं का समाधान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार के फोन, टैबलेट, कैलकुलेटर, घडी, कैमरा आदि लेकर जाना गणना परिसर में वर्जित है।

# दालमोठ कारखाने में लगी भीषण आग, 25 लाख का माल राख



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- दोपहर दालमोठ कारखानें में भीषण आग लग गयी इससे भगदड़ मच गयी आग से लगभग 25 लाख का माल जलकर राख कर दिया दो घंटे बाद पंहुची दमकल ने आग पर काबू पाया शहर कोतवाली के मोहल्ला नई बस्ती निवासी पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव के पड़ोस में सतेन्द्र यादव का दालमोठ का कारखाना है उसी कारखानें में ही उनका परिवार भी रखता है कारखाना उनके पुत्र सनी के नाम से संचालित है दोपहर लगभग 12 बजे अचानक आग लग गयी जिससे देखते ही देखते आग की लपटे कारखाने के बाहर से नजर आने लगी जिससे देखकर भगदड़ मच गयी आग की चपेट में आने से 100 पीपा घी, 150 बोरी बेसन, 150 पीपा रिफायंड, 400 किलो मसाला, 10 कुंतल मुगफली दाना जल गया इसके साथ ही मशीन, कूलर, इंवर्टर, टीवी आदि सामान जलकर राख दिया जिससे लगभग 25 लाख का नुकसान हुआसूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे दमकल काफी देर बाद मौके पर पंहुची जिसनें कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया मौके पर भीड़ जमा हो गयी

# शरीफ नगर सड़क हादसे में युवक की मौत, ट्रक चालक मौके से फरार



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा मुकदमे की पैरवी कर घर लौट रहे बाइक सवार को ट्रक ने टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई घटना ठाकुरद्वारा स्योहारा मार्ग पर स्थित शरीफ नगर के बस स्टैंड पर दोपहर करीब 1ः00 बजे की है सुरजन नगर निवासी शिवम पुत्र गुड्डू बाइक से सुबह ठाकुरद्वारा गया था महा न्यायालय में तारीख पर हाजिरी लगाकर घर लौट रहा था शरीफ नगर बस स्टैंड पर सामने से आ रहे अज्ञात ट्रक क्र20८ञ 4014 ने शिवम को टक्कर मार दी जिसमें शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया

शिवम ने मौके पर ही तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया सूचना पर सरकारी एंबुलेंस मौके पर पहुंची लेकिन घायल को मृत होने पर वापस लौट गई बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू कर दी मृतक के पिता गुड्डू ओर भाई पंकज का रोते बिलखते बुरा हाल पल भर में शादी की खुशियां ढेर गुड्डू के घर में वर्षों से चल रही शादी की तैयारियां पल भर में ढेर हो गई सुरजन नगर निवासी गुड्डू के दो बेटे थे बड़ा बेटा शिवम जिसका रिश्ता नगीना से ते कर दिया गया था नवंबर में शिवम की शादी निश्चित थी शादी के लिए दोनों परिवारों में तैयारियां की जा रही थी लेकिन बुधवार को कल झपकते ही शिवम की मौत हो जाने से शिवम के परिवार में शादी की खुशियां मौत के मातम में बदल गई

# भगवान हनुमान जी स्थापना निकाली गई कलश यात्रा



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा तहसील के ग्राम ।सुरजननगर पुलिस चौकी क्षेत्र सुरजननगर -डिलारी रोड़ स्थित गांव शेरपुर पट्टी मे हनुमान बजरंगबली की मुर्ति स्थापना से पूर्व कलश यात्रा निकली गई ।यह कलश यात्रा श्योराज सिंह के घर से प्रारम्भ हुई ।जिसमे महिलाओ ने कलश लेकर नगें पैर जाकर पास मे वह रही रामगंगा नदी से जल भरकर लाई और यह कलशः यात्रा सदियों से निकाली जा रही है श्री हनुमान भगवान जी की मूरत स्थापना व कलश यात्रा नई बस्ती ,शिब मंदिर बस्ती,होली चौक बस्ती ,भवानींपुर महोल्ला ,गंधापुर महोल्ला ,भेसियो की मैडेयो गांव के समस्त मार्गो पर निकली गई । यह कलश यात्रा चमंड़ा के स्थान पर आकर समाप्त हो गई ।कलशः यात्रा के वाद विधि विधान हवन कर हनुमान जी भगवान मुर्ति की स्थापना चमंडा के स्थान पर हुई । उसके बाद विशाल भंण्डारा हुआ ।इस अवसर पर पंडित सुदेश शर्मा ,श्योराज सिंह ,पकंज यादव ,अमित ,सुनील , कुसुम ,सावित्रि ,शशी ,काजल ,यशपाल ,वरूण आदि थे ।

www.knlslive.com

# चैरिटेबल ट्रस्ट एण्ड हैल्थ रिसर्च सेंटर कोतवाली परिषद में कैंप लगाकर जांच



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट एण्ड हैल्थ रिसर्च सेंटर के सौजन्य से विवेकानंद अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा कोतवाली में कैंप लगाकर पुलिस का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने पुलिस कर्मियों को निःशुल्क जांच , दवाईयां व परामर्श दिए। बुधवार को विवेकानंद अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सको द्वारा लगाए शिविर में सबसे पहले डिप्टीएसपी डा, अनूप यादव ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य विभाग की शिविर में कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक कांस्टेबल , महिला कांस्टेबल की बीपी, हिमोग्लोबिन शुगर आदि का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में पुलिसकर्मियों ने जांच कराने के लिए बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ ठाकुर दास गंगवार ने बताया कि निर्देश पर सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाईयां और परामर्श दिया। ट्रस्ट के सचिव नीरज विनोद खन्ना ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय शिविर लगाकर लोगो की सेवा की जा रही है। उन्होने बताया कि मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले बुर्जग भी प्रति दिन विवेकानंद अस्पताल में पहुंचकर निःशुल्क जांच करा रहे है। साथ ही चयनित मोतियाबिन्द से पीड़ित मरीजों के ट्रस्ट की ओर से ऑपरेशन निःशुल्क कराए जाएगे एवं चश्में भी दिए वितरित किए जा रहे है। डिप्टीएसपी डा, अनूप यादव ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के रूप में जरूरतमंदों को निःशुल्क जांच और दवाई व परामर्श सराहनीय है। इस मौके पर कोतवाल मोहित कुमार चौधरी ,लद्यु उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान, भाजपा पूर्व नगराध्यक्ष शिवेंद्र गुप्ता, शहनवाज खां आदि मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन चुनाव विजेंद्र सिंह महासचिव, कोषाध्यक्ष पद पर अनवर उल हक ने जीत दर्ज की



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में वोटिंग के बाद मतगणना की गई महासचिव पद पर विजेंद्र सिंह वे कोषाध्यक्ष पद पर अनवर उल हक एडवोकेट व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह और मुजाहिद अली ने जीत हासिल की बुधवार को हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में महासचिव उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद के लिए वोटिंग की गई बार एसोसिएशन ठाकुरद्वारा अध्यक्ष के लिए नरेंद्र सिंह एडवोकेट को निर्विरोध चुन लिया गया था आज सुबहा 10 बजे से ही वोटिंग की जा रही थी बाद में मतगणना में महासचिव पद पर विजेंद्र सिंह ने 92 में मत हासिल किए वे प्रत्याशी रजनीश प्रताप को 22 मतों से पराजित कर दिया रजनीश प्रताप सिंह को 72 मत हासिल हुए जबकि सलीम अंसारी एडवोकेट को 15 वोटों पर संतोष करना पड़ा कोषाध्यक्ष पद के लिए शरीफ नगर निवासी अनवारूल हक एडवोकेट ने मुकेश सिंह एडवोकेट को 27 वोटों से पराजित कर दिया अनवारूल हक एडवोकेट को 104 व मुकेश सिंह एडवोकेट को 77 वोट मिले उपाध्यक्ष पद के लिए मुजाहिद अली एडवोकेट व सुरेंद्र सिंह एडवोकेट ने जीत हासिल की वही के के विश्नोई एडवोकेट को हराया मुजाहिद अली को 151 व सुरेंद्र सिंह को 136 व के के विश्नोई को 42 वोट मिले इस मौके पर मोहम्मद शाहिद एडवोकेट, चंद्रप्रकाश सिंह सैनी एडवोकेट, धर्मपाल सिंह बिश्नोई एडवोकेट, मेराज एडवोकेट, सनाउल मुस्तफा एडवोकेट, अकरम अजीज एडवोकेट, शमशाद एडवोकेट, आदि मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*

*मो. 9027776991*

**Title Code : UPBIL05086**

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# Worry about changing


State or Centre, when there is a lack of clear majority in the elections, then there is a need for coalition or defections. Therefore, in the states where there is such a apprehension, all the parties have started defending in their own way. There is information about Goa that the Congress has become conscious about its candidates. The fear of defection has started haunting him. There is even news that Goa Congress has sent its candidates to the resort for fear of defection. This method is not new to protect its MLAs from defection or horse-trading.“ Such unpleasant situations have arisen from time to time in many parties, big and small. Congress's latest fear in Goa is not baseless. In the 2017 assembly elections, the Congress won 17 out of 40 seats in Goa, but despite winning 13 seats, the BJP managed to form the government with the help of smaller parties and independents. The Congress had no break in the political preparations or efforts of the BJP. The Congress was so weakened by that defection that 15 of its MLAs later joined the BJP.“Any party will feel bad, if its leader is not able to form the government in spite of more MLAs or a small party may have few MLAs, but if they leave the party for power, then there is no rule to stop them. not decided. Doesn't it need to be a law? Can desired-reasonable morality be restored in politics? It is sad, when parties change sides or coalition after winning, then how can a certain number of their leaders be prevented from going out of the party while avoiding the anti-defection law? Clearly, the anti-defection law is still in place, but its flaws or inadequacies are well understood by the politicians. Not only Congress, no party would like that despite winning more seats, it should not be able to form the government, but it is also the law that if any party gets more seats, then it should make all efforts to form the government by forming a coalition.

“The problem in the coalition era has become that the leaders whom voters vote to sit in the opposition are also eager to join the ruling party. Small parties are also getting a share in power and the party which has won a lot of seats is also getting decorated in the opposition. Indeed, with a multi-party system this problem will always be there. Since getting power is becoming the sole goal of politics, so too is the danger of shifting. There will be more restlessness in every electoral state, especially among smaller parties. There will be some parties who will go with any party or alliance. According to the efforts that are going on in Goa, not only the Congress, but the BJP has also gathered for a coalition to form the government again.“ If a coalition is to form the government, then there is no point in any party winning more seats or falling short of the majority. Leaders and political parties should be alert that if need be, alliances should be formed with civility and decency and people get good governments. When people get a good serviceable government, the faults of politicians and politics become less visible.

www.knlslive.com

## Poonam Pandey's pain again spilled over domestic violence, said- 'My face used to be black and blue, used to hide with makeup'


Actress Poonam Pandey often makes disclosures about her ex-husband Sam Bombay on Kangana Ranaut's show Lock Up. In the past, he had also talked a lot about the domestic violence that happened to him. Now once again Poonam Pandey has given a big statement regarding domestic violence. He has told that what used to happen to him when Sam Bombay beat him. While talking to Payal Rohatgi and Sayesha Shinde in Lock Up, Poonam has told that she has seen many doctors after the injury, but her injury has not healed yet. Poonam Pandey said, 'I have met many doctors. If you move the part of my nose, it still hurts. To this Sayesha Shinde says, 'I don't know how many women are there in the country who go through this thing every minute.' On this Poonam Pandey says, 'Truly, I am also one of those who have openly told their problems. I am a victim of domestic violence for the last four years. Even though I didn't tell anyone about it. After hearing this, Payal Rohatgi says, 'Indian celebrities do not talk openly about domestic violence.' To this Poonam Pandey says, 'I didn't have a reason to be vocal. I always used to share my good pictures and talk the most normal thing.



Continuing her point, Poonam Pandey said, 'My face used to be black and blue, but I used to hide it by applying makeup and used to go to the event.' Apart from this, Poonam Pandey has done many other things. Talking about Kangana Ranaut's show Lock Up, the first weekend in it was quite a bang. While Kangana took classes fiercely for some contestants, the world came to know about the painful story of some. In the Sunday episode of Lock Al Se, Swami Chakrapani Maharaj was given farewell. Swamiji is the first contestant to leave the show. Now there are 12 contestants left in Kangana Ranaut's jail. At the same time, after coming out of the lock-up, Swami Chakrapani Maharaj says that he did not understand the format of this show of Kangana Ranaut. He has said that when he went to the show for the first time, he felt that with so many people living together under one roof, he would not fit there. Swami Chakrapani Maharaj said, 'I am a person who lives in solitude. I have never been under one roof with so many people. Apart from this, I have no understanding of this show, maybe I have failed to make my mark. To be honest, it was a surprise to me when I saw people talking to cameras or fighting for appearances. I often wonder if anyone is even watching us.'

## Taapsee Pannu shared well done Mittu

Mumbai. Bollywood actress Taapsee Pannu has shared the poster of Shabaash Mittu on social media. Taapsee Pannu has shared the new poster of her upcoming film Shabaash Mi_u on social media. In this poster, Taapsee is seen as Indian female cricketer Mithali Raj greeting her fans. It can be seen in the poster that in one hand she is holding a bat, while the other hand is greeting people with helmets. Sharing the poster on Instagram, Taapsee wrote, She continues to inspire millions of people like me. To break some stereotypes to move forward paving a new path for many. On this Women's Day, I feel blessed to be at the forefront of the fight to break prejudice



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# बस स्टैंड पर त्योहारी भीड़, बसों की कमी से परेशानी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - होली पर्व नजदीक आ गया है। इसके चलते रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ पहुंचने लगी है, लेकिन परिवहन निगम के पास इंतजाम नाकाफी हैं। चुनाव में भेजी गईं एटा डिपो की 54 बसें अभी तक नहीं लौटी हैं। इसके चलते यात्रियों को बसों की कमी से घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। एटा डिपो में निगम की कुल 105 बसें हैं। यहां से विस चुनाव में प्रथम चरण से बसों के जाने का सिलसिला शुरू हुआ, जो छटे चरण तक चलता रहा। चुनाव में अभी भी डिपो की 54 बसें लगी हैं। जबकि होली के त्योहार में कुल 9 दिन बचे हैं। त्योहार पर लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है। बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ जमा होने लगी है, लेकिन बसों का टोटा है। पूछताछ कार्यालय पर तमाम लोग जानकारी के लिए पहुंचते हैं, तैनात कर्मचारी चुनाव में बसों की जाने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। सोमवार को दिल्ली जाने वाले यात्री सर्वाधिक थे, जिनके अनुरूप बसें नहीं मिल पा रही थीं। वहीं अलीगंज, मैनपुरी, शिकोहाबाद आदि छोटे मार्ग पर जाने वाले यात्री भी बस न मिलने से परेशान रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। मारहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार रात पैदल जा रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वहीं जलेसर थाना क्षेत्र में दुर्घटना में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान आगरा में मौत हुई है। कासगंज जनपद के ढोलना थाना क्षेत्र के गांव फीरोजपुर निवासी 40 वर्षीय बबलू रविवार को मारहरा में मटर मंडी में आया था। इसके बाद वह घर वापस नही पहुंचा। परिजन ने अनुमान लगाया कि किसी के यहां रुक गया होगा। देर रात गश्त पर गई। मारहरा पुलिस को पिवारी चौकी से कुछ दूरी पर स्थित एक मंदिर के पास सड़क पर बबलू मृत हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने तलाशी ली जिसमें मोबाइल मिला। इस मोबाइल में दर्ज नंबरों के आधार पर परिजन को जानकारी दी। सोमवार को पोस्टमार्टम गृह पर आए परिजन ने बताया कि वह किसी कार्य से मारहरा आए थे। वहां कैसे पहुंचे इसकी जानकारी नहीं है। मारहरा थानाध्यक्ष रामकेश ने बताया कि गश्त के दौरान बबलू मृत अवस्था में पड़ा मिला था। परिजन का सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पर जलेसर थाना क्षेत्र के गांव नगला चंदन निवासी दिनेश ने बताया उसके चाचा 36 वर्षीय सतेंद्र एक मार्च को साइकिल से जलेसर गए थे। वहां से वापस लौटते समय हसनगढ़ के पास एक बाइक ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें आगरा ले गए। जहां उपचार के दौरान सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई।

## चाय के खोखा में आग के बाद सिलेंडर फटा, पूर्व सैनिक झुलसे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - चाय के खोखा में आग के बाद सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से पूर्व सैनिक घायल हो गए। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बाइक सवार भी घायल हुआ। हालांकि वह मेडिकल कॉलेज नहीं पहुंचा। थाना मलावन के गांव पुरावं के पास हाइवे किनारे राहुल का चाय का खोखा है। मंगलवार दोपहर को चाय बनाते समय आग लग गई। आग लगने के बाद राहुल मौके से भाग गया। इतने में मौके पर पहुंचे पूर्व सैनिक रवेन्द्र सिंह निवासी पुरावं को लगा कि राहुल वहीं फंस गया। खोखा के पास पहुंचे। सिलेंडर फट गया। जिसके टुकड़े लगने से रवेन्द्र सिंह घायल हो गए। आग से भी झुलस गए।

# डीएम के साफ सुथरे निर्देशो की आड़ में आशा चयन में कर लिया बड़ा खेल


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आशा योजना के तहत आशा बहू कोई फिक्स वेतन नही है परन्तु इनके चयन के नाम पर स्वास्थ विभाग में खूब धन उगाही होती रही है।चुनावो से ऐन पहले जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों पर नई आशाओं की नियुक्ति कर ली गई है। इसके पीछे जिलाधिकारी एटा के निर्देशों को हवाला दिया जा रहा है। इस मामले में जब पता किया गया तो बताया गया है अक्टूबर माह में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा था योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिये आशाओं की दक्षता को बढ़ाया जाए यदि अनट्रेंड है तो उन्हें प्रशिक्षित किया जाए यदि कम है तो नये प्रस्ताव लेकर यह संख्या बढ़ा ली जाए। इन साफ सुथरे निर्देशो को हथियार बना कर डीसीपीएम/ मेडिकल अफसरों ने नई नियुक्तियाँ कर ली और उन्हें प्राथमिकता से पिछले माह 8 दिन का प्रशिक्षण देकर ट्रेंड भी कर दिया गया। उधर दो वर्ष से ट्रेनिग की आस में स्वस्थ योजनाओं का मुफ्त काम कर रही आशाओं को दूर रखा। स्वास्थ केंद्रों पर इस



योजनाओं को देख रहे कर्मियों ने बताया है प्रत्येक स्वास्थ केंद्र से अनट्रेंड आशाओं की सूची विभागीय पत्रको के साथ डीसीपीएम को उपलब्ध कराई जा चुकी है शीतलपुर से 12 आशाओं के ट्रेनिग हेतु सूचना 18/6/2019 को सीएमओ को प्रेषित की जिस पर एसीएमओ आरसीएच/डीसीपीएम को स्पष्ट निर्देशित किया परन्तु इन विभागीय सूचनाओं और उच्चाधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखा कर डीसीपीएम ने नई नियक्तियो पर ट्रेनिग की कार्यवाही की। नये चयन पर ट्रेनिग की जल्दबाजी के पीछे बताया गया है आशाओं को लंबे चौड़े शब्जबाग दिखा कर बसूली की गई है जो स्वास्थ्य केंद्रों पर चर्चित अटकलों के अनुसार 40 हजार से 50 हजार तक है। नही डीसीपीएम को पता होगा। उच्चाधिकारी जो खुद नोडल अफसर है उन्हें नई नियक्ति और उसकी ट्रेनिग को मुकम्मल जानकारी न होना आश्चर्य में डालता है। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशों के असल मन्तव्य को समझ कर इस दिशा में कदम बढ़ाए होते तो 2 वर्ष से मुफ्त सेवाएं दे रही चयनित आशाओं का भी प्रशिक्षण हो जाता। इस मामले में सीएमओ एटा से कॉल करके बात करने की कोशिश की तो कॉल नही उठी जब मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में जाकर सम्पर्क करना चाहा तो वहाँ सन्नाटा पसरा था आफिस में वे नही मिले। अब देखना है डीएम अंकित कुमार अग्रवाल अपने निर्देशो का मतलब बदलने बाले इस भृष्ट अफसरों के खिलाफ क्या कार्यवाही करते है।

## एक साल से टीकाकरण न होने पर दुधारू पशुओं में फैल रहा खुर एवं मुंह पका रोग



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में दुधारू पशु खुर एवं मुंहपका बीमारी से ग्रसित हैं। एक साल से टीकाकरण ने होना भी बीमारी फैलने का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पिछले वर्ष से अब तक वैक्सीन नहीं आई है। जनपद देहात क्षेत्र में हर घर में कोई न कोई दुधारू पशु खुर एवं मुंहपका की चपेट में है। बीते वर्ष से अब तक खुर एवं मुंहपका से निजात दिलाने वाली वैक्सीन नहीं है। ब्लॉक निधौलीकलां के गांव भोबतपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में खुर एवं मुंहपका रोग बीते कई महीनों से दुधारू पशुओं में फैला हुआ है। गांव में आधा दर्जन से अधिक पशुओं की मौत भी हो चुकी है। वहीं दर्जनों बीमारी से ग्रस्त है। अलीगंज एवं जैथरा ब्लॉक के विभिन्न देहात क्षेत्रों में पशु इस संक्रामक बीमारी से जूझ रहे हैं।

# सत्रह लोगो के खिलाफ नामजद मुकदमा व 225 लोग अज्ञात दर्ज ,sdm हुए घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - एटा के निधौली रोड किनारे स्थित क्लीनिक पर मरीज की मौत के बाद सोमवार रात जमकर बवाल हुआ। लोगों ने करीब चार घंटे जाम लगाए रखा। वहीं पथराव कर एसडीएम को घायल कर दिया। अराजकतत्वों को पुलिस ने निशाने पर ले लिया है। जहां पुलिस ने 17 नामजद और 225 अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली देहात के उपनिरीक्षक दयाशंकर ने यह रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि सूचना मिली थी कि निधौली मार्ग पर एक व्यक्ति की मौत पर शव रखकर जाम लगा दिया है। मौके पर पहुंच जानकारी करने पर पता चला कि एक अपंजीकृत चिकित्सक द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के रिएक्शन से गांव बारथर के अरविंद की मौत हुई है। मार्ग के दोनों तरफ लग गया था लंबा जाम लोगों का आक्रोश देख दुकानदार दुकानें बंद कर चले गए। मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए आरोपियों को समझाया गया, लेकिन नहीं माने। मौके पर पहुंचे सदर एसडीएम शिवकुमार व सीओ सिटी ने समझाने का प्रयास किया। इस दौरान भीड़ नारेबाजी करने लगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भीड़ को रोकने की कोशिश की गई। जिस पर भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। इससे एसडीएम सदर सहित कई पुलिस कर्मियों के चोटे आईं। वीडियोग्राफी से पहचान होने पर 17 नामजद व 225 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इन पर हुई रिपोर्ट दर्ज बारथर के अखिलेश सिंह, चंदन, अवधेश, दीपू, छोटे, बंटी, सचिन, आकाश, राजू, बृजेश, विनय, विक्की, अश्वनी, छोटा, अंजू, नंदू यादव, मिटठईया सहित 225 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इन पर जानलेवा हमले सहित उपद्रव आदि 10 धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्लीनिक संचालक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा मरीज की मौत के मामले में उसके परिजन ने क्लीनिक संचालक के खिलाफ तहरीर देकर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराया है।

बारथर निवासी मृतक के भाई आकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 25 वर्षीय भाई अरविंद एटा में सोमवार को मजदूरी करने आया था। जहां उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे लेकर निधौली रोड वनगांव में एक क्लीनिक पर पहुंचे। क्लीनिक संचालक ने भाई को एक इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही भाई की हालत खराब होने लगी। जब क्लीनिक संचालक से दवा देने को कहा तो उसने कहीं और ले जाने की बात कह दी और जातिसूचक गालियां दी। बाद में क्लीनिक संचालक दुकान से बाहर भाई को फेंककर चला गया। जिससे भाई की मौत हो गई।

# गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में शिकारियों का आतंक, हिरण की हुई मौत, बडे संख्या में शिकारी व लकडी तस्कर है सक्रिय

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-बिहारपुर-गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान महुली परिक्षेत्र में फिर से एक जंगली जानवर की हुई मौत. पुरा मामला उद्यान परिक्षेत्र के रसौकी गांव का है जहा मंगलवार को हिरण का जख्मी हालत शव मिला. ग्रामीणों ने पुरे मामले की सुचना उद्यान कर्मियों ने शव का पीएम करवा कर अंतिम संस्कार कर दिया है. गौरतलब है कि गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान महुली परिक्षेंत्र में शिकारियों व लकडी तस्करो का आंतक है बडे संख्या स्थानिय और बाहरी शिकारियों ने यहा के वनजीव का शिकार के साथ बहुमुल्य लकडियों की तस्करी किया जा रहा है. जिससे उद्यान में वनजीव के साथ पेडों की संख्या दिन प्रतिदिन कम हो रहे है. स्थानिय लोगो ने बताया कि मंगलवार को एक हिरण भागते हुये गांव में पहुचा जिसको शिकारियों के द्वारा छोडे गये कुत्ते दौडाते रहे आखिरकार कुत्तो के हमले से हिरण गंभीर रुप से जख्मी हो गया जहा पर उसकी मौत हो गई जिसकी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुचे उद्यान कर्मियों ने हिरण के शव का पीएम पश्चात अंतिम संस्कार कर दिया है. गुरुघासीदास नेशनल पार्क में कानन पेंडारी से लाकर छोड़े गए चीतल गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में लगभग 50 की संख्या में चीतल कानन पेंडारी से लाकर छोड़े गए है वर्ष 2005 के सर्वेक्षण के हिसाब पार्क इलाके में 32 प्रकार के वन्यजीव प्राणी है जानवरों को पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो सके, इसके लिए विचरण क्षेत्र में विभाग के द्वारा एनिकट का निर्माण भी कराया है ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में घटिया स्तर का सामाग्री उपयोग किया गया. जो अब भष्ट्राचार की भेट चढ गया है अफसर नही रहते यहा बता दें कि अभ्यारण में जंगली जानवरों का शिकार और पेड़ों की कटाई लंबे समय से हो रही है महुली में लाखों खर्च कर बनाए गए दफ्तर और आवास में नाम मात्र के कर्मचारी रहते है जो कभी उद्यान में भ्रमण तक नही करते. यहा के ग्रामीणों ने बताया कि उद्यान के रेंजर साहब का कभी कभार ही आते है अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी अम्बिकापुर, सूरजपुर और ओड़गी में रहते हैं जबकि इन्हें मुख्यालय में रहने का निर्देश कई बार दिया जा चुका है. गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान महुली परिक्षेंत्र के परिक्षेत्राधिकारी ने बताया कि रसौकी गांव के हरिजनपारा में एक हिरण भाग कर आया था जिसे कुत्तों के झुड ने जख्मी कर दिया था जिससे उसकी मौत हो जाने पर पीएम पश्चात अंतिम संस्कार कर दिया गया है-विरेन्द्र श्रीवास्तव परिक्षेत्राधिकारी महुली

# तेज रफ्तार का छोटे हाथी ने बाइक को मारी टक्कर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-दतिमा मोड़- करंजी चौकी क्षेत्र के दतिमा-सलका मार्ग पर दतिमा मेन चौक से 200 मीटर दूर स्थित पुलिया के पास बुधवार को शाम 3 बजे के बीच छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 30 बी 5463 जो कि विश्रामपुर श्रीराम मोबाइल संचालक का बताया जा रहा है। छोटा हाथी ने मोटरसाइकिल ड्रीम युगा क्रमांक सीजी 15 डीआर 6239 सवारों को चपेट में लिया है। बताया जा रहा है कि चुंनगड़ी निवासी राथेचरण मानिकपुरी पिता परमेश्वर मानिकपुरी व भैयाथान निवासी चंद्र सेवक मानिकपुरी पिता मानसाय मानिकपुरी दोनों ससुर-दामाद एक साथ एक समारोह में शामिल होने निकले थे। शाम दोनों सलका मार्ग दतिमा रोड होते हुए समारोह में जाने निकले थे। दतिमा के पास बिश्रामपुर की और सामने से आई तेज रफ्तार का छोटा हाथी ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। राधाचरण मानिकपुरी की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। करंजी चौकी में पदस्थ एएसआई मनोज द्विवेदी सहित पूरे स्टाफ इस हादसे में मोटरसाइकिल दो सवारों को गंभीर चोट लगने से जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

# कोल्हुआ के सागौन प्लांट में लगी भीषण आगज्हुई बेकाबूज्वन विभाग की टीम नदारद

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-बिहारपुर - सुरजपुर जिले के दूरस्थ वन परीक्षेत्र चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में गर्मी शुरू होते ही जंगल में भीषण आग लगना शुरू हो गया है। इस आग पर वन विभाग द्वारा काबू पाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में जंगल के आस-पास स्थित ग्रामीणों के घर अब आग की चपेट में आ सकते हैं। इस आग ने जंगल के बीच वन प्राणी व छोटे बड़े विशाल पेड़ों को अपने चपेट में ले लिया है वही आग का धुआँ वप्रदूषण गांव के ओर कई बीमारियों को दे रहे हैं न्योता। कोल्हुआ, बीट क्रमांक क्क73 के जंगल में आज दोपहर में अचानक कोल्हुआ सागौन प्लांट में आग लग गया जिससे लगभग 50 हेक्टेयर में लगे हजारों पौधे जलकर खाक हो गये। लेकिन वन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे अब क्षेत्र के जंगलों में महुआ चुनने के लिए आग लगाया जाएगा और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी केवल मूकदर्शक बने रहते हैं जिससे क्षेत्र के सभी जंगलों में आग लगाकर वन संपदा को नुकसान पहुंचाते हैं महुआ चुनने वाले जंगलों को नष्ट करते हैं गौरतलब है कि सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर के जंगल में अब भीषण आग लगना शुरू हो गया है। आग को बुझाने वन विभाग द्वारा कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में उन ग्रामीणों को परेशानी होगी। जिनके घर जंगल के बीच में स्थित हैं। जंगल में लगी आग का रुख अब इन गांव की ओर हो गया है। कोल्हुआ के जंगल में आग की लपटें और धुएं के गुबार नजर आने लगे हैं। आग ने भीषण रूप ले लिया और जगल पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। जगल में भीषण आग लगने से लगे लगभग हजारों पौधा व वन प्राणियों की जान खतरे में है वही आग नहीं बुझा या गया तो कोल्हुआ से लगे गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों में भी लपटे पहुंचने लगेंगे जिससे जंगली जानवर सहित छोटे बड़े पौधे जलकर खाक हो जाएंगे । ज्ञातव्य हो कि पूरे गर्मी के सीजन में महुआ बीनने के दौरान जंगलों में आग लगती रहती है

# ग्राम पंचायत छतरंग में शिविर आयोजन कर राशन, पेंशन एवं अन्य समस्याओं का किया गया निराकरण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार एपीओ श्री के.एम. पाठक के द्वारा छतरंग, बड़वार, पालकेवरा एवं घूईडीह ग्राम पंचायत का जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत छतरंग में किया गया जिसमे राशन, पेंशन एवं अन्य समस्याओं का निराकरण किया गया है। विगत दिनों कलेक्टर के जनदर्शन सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान छतरंग में धनसाय व टुन्ना के निजी भूमि में कूप निर्माण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए थे उस पर कार्यवाही करते हुए स्वीकृति की घोषणा किए गए कार्य का स्वीकृति आदेश देते हुए कार्य को प्रारंभ कराया गया। तत्पश्चात उन्होंने अतिरिक्त गौठान एवं हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने हॉस्पिटल के शेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने कहा है। ज्ञात हो कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अगुवाई में विगत दिनों 3 मार्च 2022 को प्रशासनिक एवं पुलिस अमला द्वारा जिले के दूरस्थ क्षेत्र छतरंग में जनदर्शन सह जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में राशन कार्ड, पेंशन, पानी समस्या, सड़क समस्या, पुल पुलिया, बिजली समस्या, सोलर लाइट सुधार कार्य, मोबाइल नेटवर्क जैसे मांग एवं समस्याओं के आवेदन ग्रामीण जनों से प्राप्त हुए थे। कलेक्टर ने शिविर के दौरान संबंधित विभाग को समस्याओं का निराकरण करने सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए थे। उसी के परिपालन में संबंधित विभाग के द्वारा स्थल पहुंचकर संबंधित कार्यों का जायजा लिया गया तथा निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# सात कबड्डी खिलाड़ी निलंबित, होगा डोप टेस्ट



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - मंडल में पहली बार कराई गई प्रो-कबड्डी लीग का आयोजन तो सफल रहा मगर कुछ खिलाड़ी आगे बढ़ने की राह में असफल हो गए। ये असफलता उन्होंने खुद गले लगाई है। खेल में अनियमितता बरतने पर सात खिलाड़ियों को भविष्य में होने वाली लीग से निलंबित कर दिया गया है। ये खिलाड़ी सर्राफा ईगल्स टीम के हैं। मंडलीय ओलिंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ये फैसला किया है।

# सात विधानसभा सीटों के लिए मतगणना आज



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - जनपद में दस फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना सुबह आठ बजे से धनीपुर मंडी में शुरू होगी। शहर में विधानसभा की सात सीटों की मतगणना के लिए अलग- अलग सात हॉल निधारित किए गए हैं। हर विधानसभा के लिए एक अलग हाल बना है। सात सीटों के लिए 60 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। जिला निर्वाचन अधिकारी सेल्वा कुमारी जे. ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल एवं समस्त आरओ के साथ धनीपुर मंडी पहुंचकर मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। सुबह छह बजे कार्मिकों को बुलाया गया है। आठ बजे मतगणना शुरू होगी और 2 बजे करीब पहला नतीजा शहर विधानसभा का आएगा। अंतिम परिणाम अतरौली विधानसभा का करीब 4 बजे तक आएगा। मतगणना की अधिकारियों ने पूरी तैयारी कर ली है।